शील वर्धन सिंह, भा.पु.से.
Sheel Vardhan Singh, IPS

महानिदेशक
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
Director General
Central Industrial Security Force
13, C.G.Os. Complex, Lodhi Road,
New Delhi - 110003
Tel.: 011-24361125, Fax : 011-24361202
E-mail : dg@cisf.gov.in

अपील

साथियों,

हमारा देश सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। हिंदी भाषा भारत जैसे विशाल देश के समस्त नागरिकों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी संबंधी नीति, नियमों, अधिनियमों का अनुपालन करना व राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करना हमारा नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। हमें संविधान के निदेशों का पालन करते हुए अपना सरकारी कामकाज अधिक-से-अधिक राजभाषा हिंदी में करना चाहिए। बल मुख्यालय तथा इसके अधीनस्थ कार्यालयों/इकाइयों में संघ की राजभाषा नीति के अनुसरण में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा, संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों के दौरान बल मुख्यालय के अधीनस्थ कार्यालयों/इकाइयों द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की जाती है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में 14 सितंबर 2023 से 29 सितंबर 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़े के दौरान अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़े के आयोजन का मूल उद्देश्य कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना है।

अतः मैं आप सभी से अपील करता हूं कि आप इन प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लें तथा ऐसा वातावरण बनाएं जिससे सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ाया जा सके। हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़े की सार्थकता केवल तभी सिद्ध हो सकती है जब केऔसुब के सभी बल सदस्य उत्साह, लगन एवं रूचि के साथ हिंदी में कार्य करें।

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

शील वर्धन सिंह

(शील वर्धन सिंह)